# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–23 फरवरी 2025 सान्ध्य समाचार

आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के लोग नई प्रौद्योगिकी अपनाने में किसी से पीछे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में दुनिया भारत की प्रगति की सराहना कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से अंतरिक्ष और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नई क्रांति आ रही है। उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि देश ने पिछले महीने इसरो के जरिए अपना सौवां रॉकेट छोड़ा।

श्री मोदी ने आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह नारी शक्ति को नमन करने का विशेष अवसर है। उन्होंने कहा कि इस बार महिला दिवस पर वे एक ऐसी पहल करने जा रहे हैं जो हमारी नारी शक्ति को समर्पित होगी।

***इस बार महिला दिवस पर मैं एक ऐसी पहल करने जा रहा हूँ, जो हमारी नारी–शक्ति को समर्पित होगी। मैं अपने social media account उनको देश की कुछ inspiring women को, एक दिन के लिए सौंपने जा रहा हूँ। 8 मार्च को, वो, अपने कार्य और अनुभवों को देशवासियों के साथ साझा करेंगी।***

प्रधानमंत्री ने मोटापे की समस्या पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है। श्री मोदी ने कहा कि लोग अपने खान–पान की आदतों में कुछ बदलाव कर फिट रह सकते हैं।

***अधिक वजन या मोटापा कई तरह की परेशानियों को, बीमारियों को भी जन्म देता है। हम सब मिलकर छोटे–छोटे प्रयासों से इस चुनौती से निपट सकते हैं, जैसे एक तरीका मैंने सुझाया था, "खाने के तेल में दस पर्सेन्ट (10;) की कमी करना"।***

प्रधानमंत्री ने बोर्ड की परीक्षा में भाग ले रहे छात्रों को शुभकामनाएं भी दीं।

***मैं अपने युवा–साथियों यानि Exam Warriors को उनकी परीक्षाओं के लिए बहुत–बहुत शुभकामनाएं देता हूं। आप बिना कोई stress लिए पूरी Positive Spirit के साथ अपने papers दीजिए।***

**********

आगरा में आज आयोजित हुए यूनिकॉर्न कम्पनीज के कॉन्क्लेव को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के युवा जॉब क्रिएटर बनने पर फोकस करें। श्री योगी ने कहा कि पहले अपने प्रदेश में अवसर नहीं थे, लेकिन प्रतियोगी छात्रों ने आईडिया पर काम किया है। जो पहले टेक्नोलॉजी में आगे थे, वह स्टार्ट–अप्स में भी आगे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला राज्य बनाने के प्रयास चल रहे हैं। स्टार्ट–अप्स की संस्कृति को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नया आयाम दिया है।

***उत्तर प्रदेश ने जो कदम उठाये है आदरणीय प्रधानमंत्री जी के निर्देशण में चौदह हजार से अधिक स्टार्टअप्स अकेले यूपी मे है और इनमें से लगभग सात हजार ऐसे है जिनको केवल महिलाए लिड कर रही है अलग अलग क्षेत्र में और मेरा मानना ये है कि ये केवल फिन्टेक में ही नही जीवन के अलग अलग फिल्ड में इन्होने कुछ नया करके दिखाया है।***

**********

महाकुंभ में श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में पहुंचने का सिलसिला जारी है। आज उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, भाजपा नेता संबित पात्रा और सूफी गायक कैलाश खेर ने संगम में डुबकी लगायी। उत्तराखण्ड के राज्यपाल ने कुंभ में बेहतरीन व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि इसे शब्दों में बया नहीं किया जा सकता इसे सिर्फ महसूस किया जा सकता है।

**********

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आज वाराणसी के काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में दुनिया के पैंतालीस देशों के राजदूतों के साथ ही काशी–तमिल संगमम के मेहमानों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत, दुनिया को सह अस्तित्व और सामंजस्य का रास्ता दिखाता है। उन्होंने कहा कि काशी पूरे भारत के लिये सांस्कृतिक चुम्बक है, जिसके साथ देश के सभी हिस्सों के लोग गहराई से जुड़ते हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि तमिलनाडु के लोगों का काशी से विशेष लगाव है। उन्होंने राजदूतों के साथ संवाद करते हुए बताया कि काशी–तमिल संगमम् विविधता में एकता के उत्सव का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद–यूपी बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षायें कल से शुरू हो रही है। बारह मार्च दो हजार पचीस तक हाईस्कूल और बीस मार्च दो हजार पचीस तक आयोजित होने वाली इण्टरमीडिएट परीक्षा को नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिये कड़े इंतजाम किये गये हैं। इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में कुल चौवन लाख बत्तीस हजार पांच सौ उन्नीस विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है।

**********

भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय थाई महोत्सव आज से शुरू हो गया। इस अवसर पर बौद्ध भिक्षुओं ने भारत और थाईलैण्ड की खुशहाली, विकास और विश्वशान्ति की कामना की। साथ ही शोभायात्रा भी निकाली गयी।

**********